आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, बुधवार 22 जनवरी 2025

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

## तुर्किए के रिसॉर्ट में लगी भीषण आग

# 66 की मौत



## 51 गंभीर रूप से झुलसे

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** तुर्किये के गृह मंत्री ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी तुर्की के एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट में एक होटल में मंगलवार को आग लगने से कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई। अली येरलिकाया ने आगे बताया कि इस आपदा में कम से कम 51 अन्य लोग घायल हुए हैं। गृह मंत्री येरलिकाया ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से कहा, इस घटना से हम बहुत दुखी हैं।

**सुबह 3.30 बजे लगी थी होटल में आग :** वहीं स्वास्थ्य मंत्री केमल मेमिसोग्लू ने बताया कि घायलों में से कम से कम एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों और रिपोर्टों के अनुसार, बोलू प्रांत के कार्तलकाया रिसॉर्ट में 12 मंजिला ग्रैंड कार्तल होटल के रेस्तरां में सुबह करीब 3:30 बजे आग लग गई। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। बता दें कि, घटना के दौरान होटल में कुल 234 लोग ठहरे थे।

### घबराहट में इमारत से कूदे दो लोग, मौत

गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने सरकारी एजेंसी को बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट के कारण इमारत से कूदने के बाद हो गई। एक स्थानीय टेलीविजन ने कहा कि कुछ लोगों ने चादरों और कंबलों का उपयोग करके अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश की। घटना के दौरान होटल में रुके स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने कहा कि जब आग लगी तो वह सो रहे थे और वे इमारत से बाहर भागे। इसके बाद उन्होंने होटल से लगभग 20 लोगों को बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि होटल धुएं से घिरा हुआ था, जिससे लोगों के लिए आग से बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल हो गया था।

### होटल में आग लगने पर नहीं बजा फायर अलार्म

प्रत्यक्षदर्शियों और रिपोर्टों में बताया गया कि होटल में फायर सिस्टम काम नहीं कर रहा था।

होटल की तीसरी मंजिल पर ठहरे शख्स ने अताकन येलकोवन ने एक समाचार एजेंसी को बताया, 'मेरी पत्नी को कुछ जलने की गंध आई, जिसके बाद हम उठकर भागे, लेकिन होटल में इस दौरान कोई अलार्म नहीं बजा।' कार्तलकाया इस्तांबुल से लगभग 300 किलोमीटर (186 मील) पूर्व में कोरोग्लू पहाड़ों में एक लोकप्रिय स्की रिसोर्ट है। स्कूल सेमेस्टर की छुट्टी के दौरान जब क्षेत्र के होटल खचाखच भरे हुए थे, तो आग लग गई। अन्य होटलों को एहतियात के तौर पर खाली करा लिया गया।

### होटल में फंसे लोगों को निकालने का प्रयास

होटल में स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने बताया कि जिस वक्त आग लगी, उस समय वह सो रहे थे। घटना के बाद वह इमारत से बाहर भागे। उन्होंने 'एनटीवी टेलीविजन' को बताया कि इसके बाद उन्होंने होटल से करीब 20 मेहमानों को बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि होटल में धुआं भर गया था, जिससे मेहमानों के लिए आग से बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल हो गया था। स्की प्रशिक्षक ने 'एनटीवी टेलीविजन' को बताया, ''मैं अपने कुछ छात्रों से संपर्क नहीं कर पा रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि वो ठीक होंगे।''







HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# जालंधर में विधायक और SDM के बीच तीखी नोंकझोंक



**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** जालंधर में भोगपुर में शुगर मिल को लेकर कांग्रेस विधायक सुखविंदर सिंह कोटली आज किसानों के साथ मीटिंग करने पहुंचे।

पर इस मीटिंग के दौरान ही माहौल तनावपूर्ण हो गया जब विधायक और एसडीएम के बीच तीखी नोंक-झोंक शुरू हो गई। जिसके बाद कोटली सहित लोगों ने इस मीटिंग का बहिष्कार कर दिया। घटना की वीडियो भी सामने आई है।

**मीटिंग का बहिष्कार कर नारेबाजी की**

एक वीडियो में देखा जा सकता है कि एसडीएम विधायक कोटली को कह रहे है कि वह अधिकारियों की पहले बात सुन लें। इस दौरान विधायक कोटली एसडीएम को कहने लगे कि आप ऊंची आवाज में बोलकर आप डरा रहे हो। जिसके बाद हंगामे ने तूल पकड़ लिया और कांग्रेस विधायक समेत किसानों मीटिंग का बहिष्कार कर दिया और जमकर नारेबाजी की।

### सीएनजी प्लांट का विरोध कर रहे किसान

मिली जानकारी के अनुसार चीनी मिल के अंदर सरकार द्वारा एक सीएनजी प्लांट तैयार किया गया था। जिसका भोगपुर में के लोग और किसान जत्थेबंदियां विरोध कर रही हैं। पिछले काफी समय से ये मामला गरमाया हुआ था। सभी पहलुओं को देखते हुए अधिकारियों के साथ विधायक कोटली की मीटिंग थी पर कोई नतीजा नहीं निकला।

# जालंधर नेशनल हाईवे पर भीषण हादसा, एक ही परिवार के 5 सदस्य घायल

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** जालंधर में नेशनल हाईवे गोराया पर एक्सयूवी कार का एक्सीडेंट हो गया। जिसमें एक ही परिवार के 5 सदस्य जख्मी हो गए। जिन्हें सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है। घायलों की पहचान अमरीक सिंह, पत्नी कमल अरोड़ा, बेटा फतेह सिंह, गुरचरण सिंह और अमृत कौर पत्नी के रूप में हुई है।

### जालंधर से यमुनानगर जा रहे थे

मौके पर मौजूद व्यक्ति ने बताया कि कार जालंधर से यमुनानगर जा रही थी जो गोराया नेशनल हाईवे पर हादसे का शिकार हो गई। जिसमें एक महिला को ज्यादा चोटें आई हैं और उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। जिसके बाद स्स्फ़ की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने बाकी के घायलों को अपनी गाड़ी में ले जाकर अस्पताल पहुंचाया।

### हादसे एक महिला की हालत गंभीर

स्स्फ़ इंचार्ज ASI सरबजीत सिंह ने बताया कि गोराया बस स्टैंड ओवर ब्रिज पर अमृतसर से यमुनानगर जा रही एक्सयूवी गाड़ी टायर फटने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में घायल लोगों को ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने लुधियाना के डीएमसी अस्पताल में घायलों को रैफर कर दिया।





# जालंधर में 4 व्यक्तियों ने फॉर्म को लगाई आग, लाखों रुपए का हुआ नुकसान

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** जालंधर के काला बकरा गांव में एक फार्महाउस में कुछ शरारती तत्वों ने कीमती सामान में आग लगा दी। आग लगाने के बाद सभी मौके से फरार हो गए। आग लगने के कारण फार्म में पड़ा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गई। जिसमें कंबाइन कंबाइन, हार्वेस्टर, ट्रैक्टर और बाइक शामिल हैं।

### 4 लोगों ने फॉर्म को लगाई आग

घटना की जानकारी देते हुए फार्म के मालिक अमरजीत सिंह ने बताया कि सुबह-सुबह 4 व्यक्तियों ने फॉर्म में आग लगा दी। आग के बीच जब मैंने उन्हें देखा तो वह मौके से फरार हो गए। जिसमें से 2 ने अपने चेहरों को ढका हुआ था और 2 बिना नकाबपोश के थे। जिनकी पहचान हो गई।

### कंबाइन, ट्रैक्टर और बाइक सभी जले

उन्होंने आगे कहा कि इस घटना में कंबाइन, ट्रैक्टर और बाइक समेत 6 गाड़ियां जलकर खाक हो गई हैं। आग लगाने वालों की पहचान कर ली गई है और पुलिस को इस बारे में जानकारी दे दी है। पुलिस को इस मामले को लेकर शिकायत भी दर्ज करवा दी गई है।

### पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों का बयान दर्ज कर लिया गया है और उसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

### पंजाब में करवट बदलेगा मौसम

# 16 जिलों में बारिश का अलर्ट, दो से तीन डिग्री गिरेगा पारा

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** पंजाब में बुधवार को मौसम करवट बदल सकता है। मौसम के बदलने से बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने पंजाब के 16 जिलों के लिए अलर्ट भी जारी किया है। इसके तहत कुछ जगहों पर बुधवार को हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इन जिलों में अमृतसर, गुरदासपुर, कपूरथला, होशियारपुर, जालंधर, नवांशहर, लुधियाना, रूपनगर, बरनाला, बठिंडा, मानसा, संगरूर, पटियाला, मोहाली व फतेहगढ़ साहिब शामिल हैं।

विभाग ने वीरवार को भी पंजाब में कुछ जगहों पर बारिश की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री तक कमी दर्ज की जा सकती है। उधर पंजाब में मंगलवार को एक बार फिर ठंड का प्रकोप देखने को मिला। आकाश में बादल छाए रहे और दिन भर सूरज आंख मिचौनी खेलता रहा। इसके चलते तापमान में 1.5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सबसे अधिक 23.3 डिग्री का पारा होशियारपुर व रूपनगर का दर्ज किया गया। पंजाब के न्यूनतम तापमान में भी 1.5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सबसे कम 6.2 डिग्री का पारा अबोहर का दर्ज किया गया।

अमृतसर का अधिकतम तापमान 20.8 डिग्री, लुधियाना का 22.8 डिग्री, पटियाला का 21.2 डिग्री, बठिंडा का 20.2 डिग्री, बरनाला का 20.1 डिग्री, फिरोजपुर का 22.3 डिग्री, फरीदकोट का 20.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं अमृतसर का न्यूनतम पारा 8.0 डिग्री, लुधियाना का 10.5 डिग्री, पटियाला का 9.1 डिग्री, पठानकोट का 8.6 डिग्री, बठिंडा का 6.4 डिग्री, बरनाला का 7.6 डिग्री, फरीदकोट का 8.7 डिग्री, फिरोजपुर का 8.1 डिग्री दर्ज किया गया।



# पटियाला में 11वीं की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

## बेहोश किया और वीरान घर में ले गए, तीन नाबालिगों ने लूटी अस्मत



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के पटियाला में स्कूली छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस घटना को तीन नाबालिगों ने अंजाम दिया है। थाना सदर समाना के अधीन पड़ते गांव बुजरक में ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने वाली स्कूली छात्रा के साथ तीन नाबालिग किशोरों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

पीड़ित छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 जनवरी को वह अपने घर से आगे मोटर चलाने के लिए गई थी। वहां उक्त तीनों आरोपी लड़के बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर आए। इनमें से एक आरोपी ने छात्रा के मुंह पर रूमाल रखा। इसके बाद वह बेहोश हो गई और आरोपी उसे बाइक पर बिठाकर एक वीरान घर में ले गए। जहां पर तीनों ने 17 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। वारदात के बाद तीनों उसे वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### धोखे से नशीली ड्रिंक पिलाकर दोस्त से किया दुष्कर्म

धोखे से नशीली ड्रिंक पिलाकर एक युवक की ओर से अपनी दोस्त के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।

थाना अनाज मंडी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, जिसकी पहचान लवनीश कुमार निवासी जाखल मंडी फतेहाबाद के तौर पर हुई है। पीड़ित युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फार्मा कंपनी में काम करती है। कंपनी के कामकाज के संबंध में उसकी पिछले करीब सात महीनों से आरोपी लवनीश कुमार के साथ बातचीत होती रहती थी। इसके चलते दोनों में दोस्ती हो गई। इसी बीच सात जनवरी 2025 को आरोपी लवनीश कुमार ने पीड़िता को बहाने से पटियाला बुलाया। जहां वह उसे एक होटल में ले गया।

वहां धोखे से सॉफ्ट ड्रिंक में शराब मिलाकर पीड़िता को पिला दी। इसके बाद शादी करने का झांसा देकर पीड़िता के साथ जबरन बार-बार शारीरिक संबंध बनाए। अगले दिन पीड़िता को जीरकपुर रोड पर छोड़कर आरोपी चला गया। पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# पंजाब में सड़कों पर यमराज ने लोगों को समझाया ट्रैफिक नियम

## कहा- यहां नहीं माने तो ऊपर लेकर जाऊंगा



**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब में लोगों को ट्रैफिक नियम अपनाने के लिए अमृतसर पुलिस ने अनूठा तरीका अपनाया है। अमृतसर पुलिस ने यमराज की मदद से लोगों के नियमों का पालन करने के लिए समझाया। पुलिस की तरफ से लोगों को ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरुक करने के लिए यह पहल की है।

### यहां नहीं समझे तो ऊपर लेकर जाऊंगा

यमराज सड़कों पर बाइक और गाड़ी चला रहे लोगों को कि समझाया कि वह हेल्मेट और कार की सीट बेल्ट लगाकर ही चला करें। अगर यहां नहीं समझोगे तो ऊपर ले जाकर समझाऊंगा। पुलिस यमराज की भेष में लोगों को समझाने की कोशिश कर रही है कि अगर वह नियमों की पालना नहीं करेंगे तो यमराज उन्हें उठा ले जाएंगे।

### हर साल सड़क हादसों में जाती हैं कई जानें

इस दौरान यमराज का किरदार निभा रहे परमजीत सिंह ने कहा कि हर साल हमारे में देश सड़क हादसों में कई लोगों की जानें चली जाती हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हम ट्रैफिक नियमों की पालना नहीं करते हैं। हमारा सिर्फ एक ही मकसद है कि हादसों को रोकना।

# जम्मू में मूसेवाला जैसी हत्या

## THAR पर जा रहे युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** जम्मू में सिद्धू मूसेवाले की तरह थार में एक युवक की गोलियां मारकर हत्या कर दी है। हत्या करने के बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। मृतक की पहचान सुमित जंडियाल के रूप में हुई। घटना ज्यूल चौक की बताई जा रही है और इससे पूरे इलाका दहशत में आ गया। पुलिस को घटना की जानकारी दे दी गई और वह मामले की जांच में जुट गई है।

### थार पर चलाई ताबड़तोड़ गोलियां

बताया जा रहा है कि अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने थार से जा रहे सुमित पर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। जिसमें से 4 गोलियां युवक को लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद लोगों में इतना डर बैठ गया कि कोई भी उसे अस्पताल लेकर नहीं गया।

### कार में आए हमलावर मौके से फरार

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ताबड़तोड़ गोलियां चलाने के बाद हत्यारे कार से मौके से फरार हो गए। जिसके बाद थार से युवक को निकाला गया और अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित करार दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।




# मोगा में गोवंश तस्करी का भंडाफोड़, गोरक्षा दल ने काबू किया कैंटर; 10 से ज्यादा गाय और बछड़े बरामद

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** पंजाब के मोगा जिले में कोटकपूरा के गांव ढपई से कैंटर में गोवंश को भरकर तस्करी के लिए जम्मू कश्मीर के बूचड़खाने में ले जाया जा रहा था, जिसकी सूचना गऊ सुरक्षा सेवा दल के सेवादारों को मिली, तो उन्होंने कैंटर का पीछा करना शुरू किया, यही नहीं गऊ सुरक्षा सेवा दल की ओर से मोगा पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी गई।

जिसके चलते कैंटर को मोगा फिरोजपुर रोड स्थित थाना सदर के निकट काबू किया गया। इस दौरान कैंटर चालक मौका से कैंटर छोड़कर फरार हो गया।

कैंटर की जांच करने पर कैंटर में 11 नंदी व 2 गाय मिली। जिनको नगर निगम के सहयोग से चड्ढिक रोड स्थित सरकारी कैटल पाउंड में छोड़ा गया है।

### गऊ सुरक्षा सेवा दल को मिली थी तस्करी की गुप्त सूचना

इस संबंध में जानकारी देते हुए गऊ सुरक्षा सेवा दल के पंजाब अध्यक्ष संदीप वर्मा रामपुरा फूल ने बताया कि उनको सूचना मिली थी कि कोटकपूरा, फरीदकोट व श्री मुक्तसर साहिब के इलाकों से गोवंश की तस्करी करके उनको जम्मू कश्मीर के बूचड़खाने में भेजा जाता है।

जिसको लेकर गांव ढपई के एक गो तस्कर की ओर से आसपास बेसहारा घूमने वाले गोवंश को एक सुनसान स्थान पर एकत्रित करके उनको कैंटर में भरकर रात के अंधेरे में जम्मू कश्मीर को रवाना किया जाता है।



### गुप्त सूचना के आधार पर ही दल ने की कार्रवाई

गो तस्कर की ओर से सोमवार को देर रात गोवंश को कैंटर में भरकर रवाना किया जाना है। सूचना के आधार पर उन्होंने अपनी कार्रवाई शुरू की। इस दौरान सोमवार की रात को जब वह मोगा कोटकपूरा बाईपास के निकट नाकाबंदी किए हुए थे, तो कोटकपूरा साइड से एक कैंटर, जो तरपाल से पूरी तरह ढका हुआ था, तेज गति से मोगा की तरफ आते दिखा। उन्होंने शंका के आधार पर कैंटर का पीछा करने शुरू किया, तो कैंटर चालक की ओर से कैंटर को और तेज कर दिया गया। उनकी ओर से मोगा पुलिस कंट्रोल रूम पर भी सूचना दी गई थी।

### अंधेरे का फायदा उठाकर कैंटर चालक हो गया फरार

बता दें कि कैंटर चालक को पीछा किए जाने की भनक मिलते ही उसने कैंटर को मोगा फिरोजपुर रोड की ओर मोड़ दिया। हालांकि, इसी दौरान थाना सदर की पुलिस ने घेराबंदी करके कैंटर को रोका लिया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर कैंटर चालक मौका से फरार हो गया। जब उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में कैंटर की जांच की, तो कैंटर में 13 गोवंश मिले, जिनका उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों के सहयोग से चड़िक रोड़ पर बनी केंटल पाउंड में छोड़ दिया है, जबकि पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लेने के उपरांत फरार हुए चालक व मालिक के खिलाफ केस दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मौके जिला फरीदकोट जिला अध्यक्ष सुखवंत सिंह हैप्पी, जिला फाजिल्का पीआरओ पंजाब आशीष कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# अमेरिका में जन्म से मिलने वाली नागरिकता खत्मः ट्रंप का बड़ा एक्शन, भारतीयों पर क्या होगा असर?

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार, 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण किया। शपथ लेने के बाद उन्होंने कहा कि अमेरिका का स्वर्णिम युग शुरू हो गया है।

राष्ट्रपति बनने के तुरंत बाद ट्रंप ने कई कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के 78 फैसलों को रद्द कर दिया।



### महत्वपूर्ण फैसले और कार्यकारी आदेश

1. **कैपिटल हिल हमले के दोषियों को माफी :** ट्रंप ने 6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल पर हुए हमले के दोषी 1,500 लोगों को माफी देने के आदेश पर हस्ताक्षर किए।
2. **डब्ल्यूएचओ से अमेरिका की वापसी :** उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका को बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू की।
3. **ड्रग तस्करों पर सख्ती :** ड्रग तस्करों को आतंकी घोषित करने का आदेश दिया।
4. **यूएस-मैक्सिको सीमा पर दीवार :** मैक्सिको सीमा पर दीवार बनाने और मेक्सिको व कनाडा पर 25% टैरिफ लगाने की योजना को मंजूरी दी।

### पर्यावरण और नागरिक अधिकारों पर बड़े फैसले

- **पेरिस जलवायु समझौते से बाहर:** ट्रंप ने पेरिस जलवायु समझौते को अमेरिका के साथ धोखा बताते हुए इससे बाहर होने का फैसला किया।
- **थर्ड जेंडर को समाप्त :** ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिका में अब केवल दो जेंडर होंगे।
- **इलेक्ट्रिक वाहन योजना रद्द :** इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की योजना को समाप्त कर दिया।

### आव्रजन और नागरिकता पर सख्त नीति

- जन्मसिद्ध नागरिकता समाप्त : ट्रंप ने अमेरिका में जन्म लेने पर स्वचालित नागरिकता देने की व्यवस्था खत्म करने की घोषणा की।
- **मैक्सिको सीमा पर आपातकाल :** दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया और सशस्त्र बलों की तैनाती का आदेश दिया।
- **मृत्युदंड की बहाली :** उन्होंने मृत्युदंड को फिर से लागू करने का फैसला किया, जिसे बाइडन सरकार ने निलंबित कर दिया था।

ट्रंप प्रशासन के ये फैसले देश की नीतियों और वैश्विक संबंधों पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं।

उनके सहयोगियों का कहना है कि ये कदम अमेरिका की सुरक्षा और विकास को प्राथमिकता देने के लिए उठाए जा रहे हैं।

# बठिंडा में पति के साथ सैर कर रही महिला को बदमाशों ने मारी गोली, इलाके में दहशत का माहौल




**जालंधर (पवन कश्यप) :** पंजाब के बठिंडा में अपने पति के साथ सुबह सैर पर निकली नवविवाहिता को गोली मारकर आरोपी फरार हो गए। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल हरप्रीत को सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बठिंडा रेफर कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

### जांच में जुटी पुलिस

फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है, लेकिन अभी तक हमले के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जांच में सामने आया है कि हरप्रीत और अर्शप्रीत ने करीब डेढ़ महीने पहले लव मैरिज किया था। वहीं पीड़िता के परिवार ने अभी तक किसी पर संदेह जाहिर नहीं किया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमलावरों की पहचान करने में जुटी है।

# ED की बड़ी कार्रवाईः मनी लॉन्ड्रिंग केस में 11 ठिकानों पर छापेमारी

**जालंधर (जसप्रीत सिंह) :** पंजाब में प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंजाब, हरियाणा और मुंबई में 11 जगहों पर लगातार 72 घंटे छापेमारी की। गुरुग्राम, पंचकूला, जींद, मोहाली और मुंबई में व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज, बिग बॉय टॉयज समेत 6 कंपनियों के ठिकानों पर कार्रवाई के दौरान 2 लग्जरी कारें और 3 लाख रुपए नकद जब्त किए गए। सोमवार रात ED ने इस कार्रवाई की जानकारी दी।




**किन-किन जगहों पर हुई कार्रवाई?**

17 से 20 जनवरी तक ED की टीम ने व्यूनाउ इंफ्राटेक लिमिटेड, बिग बॉय टॉयज, मंडेशी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैंकडॉट प्राइवेट लिमिटेड, बाइटकैनवास एलएलपी, स्काईवर्स, स्काईलिंक नेटवर्क और इनके संबंधित ठिकानों पर छापे मारे।

**निवेशकों से धोखाधड़ी का आरोप :** मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच PMLA, 2002 के तहत की गई। जांच में पाया गया कि व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड ने दूसरी कंपनियों के साथ मिलकर निवेशकों को झांसा दिया।

इनसे क्लाउड पार्टिकल्स बेचने और उन्हें वापस लीज पर लेने (SLB मॉडल) के बहाने अधिक रिटर्न देने का वादा किया गया। हालांकि, कंपनी के पास इसके लिए कोई ठोस आधार या इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं था।

**जब्त संपत्तियां और दस्तावेज :** छापेमारी के दौरान एक लैंड क्रूजर (2.20 करोड़), मर्सिडीज जी-वैगन (4 करोड़), 3 लाख रुपए नकद, कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और अन्य सामान बरामद किया गया।

**अवैध आय से खरीदी लग्जरी गाड़ियां**

जांच में यह भी सामने आया कि अवैध तरीकों से कमाई गई आय से कंपनी और उससे जुड़ी अन्य कंपनियों ने लग्जरी गाड़ियां खरीदीं। फंड को शेल कंपनियों के जरिए डायवर्ट कर संपत्तियों में निवेश किया गया।

**इससे पहले भी हुई थी कार्रवाई:** ED ने 26 नवंबर 2024 को भी व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और संबंधित कंपनियों के परिसरों में PMLA के तहत तलाशी ली थी।

# यूपी में इस साल का सबसे बड़ा एनकाउंटर, 1 लाख के इनामी सहित 4 बदमाश ढेर, इंस्पेक्टर को पेट में लगी दो गोलियां

**जालंधर (अंशु कपूर) :** सोमवार देर रात करीब दो बजे एसटीएफ मेरठ की टीम ने शामली के झिंझाना क्षेत्र में मुस्तफा कग्गा गैंग के सदस्य अरशद निवासी बाडी माजरा सहारनपुर और उसके तीन साथियों मंजीत, सतीश व एक अन्य को घेर लिया।एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार ने बताया कि जवाबी फायरिंग में एक लाख के इनामी अरशद समेत चारों बदमाश ढेर हो गए। मुठभेड़ में पुलिसकर्मी भी घायल अरशद सहारनपुर के थाना बेहट से लूट के मामले में वांछित था, उस पर एडीजी जोन की ओर से एक लाख का इनाम घोषित था। अरशद पर लूट, डकैती व हत्या के एक दर्जन मुकदमे दर्ज थे।



### मुठभेड़ में एसटीएफ इंस्पेक्टर घायल

एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार ने बताया कि जवाबी फायरिंग में एक लाख के इनामी अरशद समेत चारों बदमाश ढेर हो गए। मुठभेड़ में पुलिसकर्मी भी घायल अरशद सहारनपुर के थाना बेहट से लूट के मामले में वांछित था, उस पर एडीजी जोन की ओर से एक लाख का इनाम घोषित था। अरशद पर लूट, डकैती व हत्या के एक दर्जन मुकदमे दर्ज थे।

**अरशद के खिलाफ एक दर्जन से ज्यादा मामले :** अरशद के खिलाफ लूट, डकैती और हत्या के एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ टीम का नेतृत्व कर रहे इंस्पेक्टर सुनील के पेट में तीन गोलियां लगीं। उन्हें करनाल के अमृतधारा अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल रेफर कर दिया। चौथे बदमाश की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

### एनकाउंटर में मारे गए बदमाश

- अरशद पुत्र जमील निवासी बाढ़ी माजरा, थाना गंगोह, सहारनपुर।
- मंजीत पुत्र महताब निवासी रोहट, थाना खरखौदा, सोनीपत, हरियाणा।
- सतीश पुत्र राज सिंह निवासी अशोक विहार, थाना मधुबन, करनाल।
- अज्ञात

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# न्यू दशमेश नगर में धड़ल्ले से काटी जा रही अवैध कॉलोनियां, नगर निगम खामोश



मेयर ने दिए सख्त कार्रवाई के आदेश

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** जालंधर वेस्ट के न्यू दशमेश नगर इलाके में धड़ल्ले से अवैध कॉलोनियों की कटाई और अवैध निर्माण का सिलसिला जारी है। चौंकाने वाली बात यह है कि ये अवैध कॉलोनी पार्षद कार्यालय के सामने काटी जा रही है, जिसे राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। सूत्रों के मुताबिक, कॉलोनी के निर्माण में शामिल एक शूज निर्माता का राजनीतिक लोगों से करीबी संबंध है, जो इस अवैध गतिविधि को बढ़ावा देने में मददगार साबित हो रहा है।

नियमों के अनुसार, किसी भी कॉलोनी काटने के लिए प्रशासन और सरकार से मंजूरी लेना अनिवार्य है, लेकिन यहां बिना मंजूरी के कॉलोनी काटी जा रही है। इससे न केवल सरकार को लाखों का नुकसान हो रहा है, बल्कि नगर निगम की साख भी सवालों के घेरे में है।

### अवैध निर्माण के खिलाफ नोटिस, लेकिन कार्रवाई शून्य

नगर निगम ने कॉलोनाइजरों को अवैध कॉलोनी काटने के खिलाफ नोटिस तो जारी किए हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस कॉलोनी में बड़े-बड़े भवन बनाकर 30-40 लाख रुपये तक में बेचे जा रहे हैं। कुछ साल पहले नगर निगम ने अवैध कॉलोनियों पर सख्ती का दावा किया था, लेकिन वह सख्ती सिर्फ अखबारों और सोशल मीडिया तक सीमित रह गई।

### नगर निगम की मिलीभगत पर सवाल

नगर निगम के बिल्डिंग विभाग की कथित मिलीभगत के चलते सरकार और निगम को बड़े पैमाने पर राजस्व का नुकसान हो रहा है।

### मेयर ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

इस मामले में मेयर वनीत धीर ने कहा, अवैध कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए एक विशेष मुहिम शुरू की जा रही है।

नगर निगम की ओर से अब यह देखना होगा कि कार्रवाई के दावों पर अमल कब होता है और अवैध कॉलोनी काटने वालों पर शिकंजा कसा जाता है या नहीं।

### मूलभूत सुविधाओं का अभाव

अवैध कॉलोनी में कॉलोनाइजरों द्वारा किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। यहां न तो बारिश के पानी की निकासी के लिए नाली का प्रबंध है, न ही बिजली, पानी और सड़क जैसी आवश्यक सुविधाएं। नियमानुसार कॉलोनाइजरों को ये सुविधाएं उपलब्ध करानी होती हैं, लेकिन यहां नियमों की अनदेखी की जा रही है।

# बरनाला में स्कॉर्पियो ने मासूम को कुचला

## मां-पिता के साथ चर्च आई थी जोया, ऊपर से गुजर गए दोनों टायर


**जालंधर( पवन कश्यप ) :** पंजाब के बरनाला में सोमवार को दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक स्कॉर्पियो ने मासूम बच्ची को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बरनाला के संघेड़ा रोड पर स्थित सेक्रेटहार्ट चर्च के पास हुआ है। स्कॉर्पियो के नीचे आने से ढाई साल की बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई।

बच्ची अपने माता-पिता के साथ आई थी जो यहां खेल रही थी। तभी अचानक स्कॉर्पियो चालक ने लापरवाही से बच्ची को कुचल दिया। बच्ची की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दिल दहला देने वाली यह घटना की सीसीटीवी में कैद हुई है। जानकारी देते हुए बच्ची के पिता सूरज कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी अनुपमा और ढाई साल की बेटी जोया को साथ लेकर चर्च आया हुआ था। यहां प्राइवेट स्कूल की स्कॉर्पियो ने उनकी मासूम बच्ची को कुचल दिया। परिजनों का आरोप है कि स्कॉर्पियो चालक की लापरवाही से उनकी बेटी की मौत हुई है।

क्योंकि गाड़ी के आगे और पीछे वाले दोनों टायर बच्ची के ऊपर से गुजर गए। इस कारण बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। जोया अपने माता-पिता की इकलौती बच्ची थी। बच्ची के माता-पिता ने इस पूरे मामले में आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। डीएसपी सतवीर सिंह ने बताया कि पुलिस की तरफ से आरोपी स्कॉर्पियो चालक जसविंदर सिंह निवासी सिरसा हरियाणा के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। गाड़ी को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। इस पूरी घटना को लेकर मौके की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसमें तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने आगे जा रही मासूम बच्ची को कुचल दिया। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी में देखा जा रहा है की घटना से कुछ समय पहले ही बच्ची अपने माता-पिता के साथ खेलती हुई नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस गंभीरता से मामले की जांच की जा रही है।



# अबोहर में पेट्रोल पंप पर लूटः नकाबपोश लुटेरों ने सो रहे कर्मियों पर किया हमला, हथियार के दम पर लूट ले गए कैश



**जालंधर( अंशु कपूर ) :** पंजाब में आए दिन पेट्रोल पंप पर लूट की घटनाएं हो रही हैं। ताजा मामला अबोहर का है। पंजाब-राजस्थान की सीमा पर सटे गांव गुमजाल के निकट बीती देर रात बाइक सवार लुटेरों ने पेट्रोल पंप पर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। लुटेरे पेट्रोल पंप पर कार्यरत कर्मचारियों से मारपीट कर उनसे नगदी लूटकर फरार हो गए। सोखल पेट्रोल पंप पर गांव गिदड़ा वाली निवासी राम कुमार और तूतवाला निवासी अनिल कुमार ड्यूटी पर तैनात थे। देर रात जब वह कमरे में सो रहे थे, तभी एक बाइक पर सवार तीन-चार नकाबपोश युवक आए और उन्होंने पंप पर बने कमरे में तोड़फोड़ शुरू कर दी। दोनों कर्मचारियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने तेजधार हथियार दिखाते हुए उनसे मारपीट की और गल्ले में रखी करीब एक लाख 30 हजार रुपये की नगदी लेकर फरार हो गए। इसके बाद कर्मचारियों ने इसकी सूचना पंप मालिक पवन सोखल को दी।

थाना खुईयां सरवर के प्रभारी रणजीत सिंह व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने कहा कि लुटेरे लूट के समय मारपीट करने के साथ वहां लगे डीवीआर भी ले गए इसलिए आसपास के एरिया में लगे कैमरों की जांच कर लुटेरों का पता लगाया जा रहा है। डीएसपी सुखविंदर सिंह ने बताया कि थाना खुईयां सरवर के प्रभारी व उनकी टीम इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। शीघ्र ही लुटेरों को काबू कर इसका खुलासा किया जाएगा। डीएसपी ने बताया कि इस बारे में राजस्थान पुलिस से भी संपर्क किया जा चुका है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247






# रात के अंधेरे में काटी जा रही थी गर्भवती गाय, तभी आ पहुंचे गोरक्षा दल के लोग; फिर जो हुआ...

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के लुधियाना जिले के टिब्बा रोड पर गर्भवती गाय काटने की सूचना के बाद इलाके में काफी हंगामा हो गया। लोगों का आरोप था कि कुछ लोग गर्भवती गाय की हत्या कर उसे चाकू से काट रहे थे।

जब संस्था के लोग व इलाका निवासी वहां पहुंचे, तो वह लोग मौके से भाग निकले। लोगों ने एक आरोपित को मौके से काबू करके पहले उसकी जमकर पिटाई की और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया।

### गर्भवती गाय को दातर से काट रहे थे आरोपी

आरोपित की पहचान रहमत अली के रूप में हुई है। फरार हुए आरोपितों में तैय्यब, अंकित व एक अज्ञात शामिल है। गोरक्षा दल के राष्ट्रीय प्रधान सतीश कुमार और जिला प्रधान विशाल ठाकुर ने आरोप लगाया कि टिब्बा रोड कूड़े के डंप के नजदीक पहले भी गोवंश बरामद हो चुके हैं। रविवार रात इलाके के लोगों ने बताया कि एक खाली जगह पर कुछ लोग अंधेरे में एक गाय की हत्या कर उसे काट रहे हैं। वह टीम के साथ पहुंचे, तो इलाके के लोग भी एकत्रित हो गए। वहां पहुंचे तो देखा कुछ लोग एक गर्भवती गाय को दातर से काट रहे थे।



### मोगा में गोवंश तस्करी का भंडाफोड़

वहीं, एक दूसरे खबर की बात करें तो पंजाब के मोगा जिले में गोरक्षा दल के सदस्यों को गुप्त सूचना मिली थी कि कोटकपूरा साइड से गोवंश की तस्करी की जाती है। इसी आधार पर दल के सदस्यों ने पहरेदारी की।

इसी दौरान उनको एक कैंटर मोगा को आता हुआ मिला, उन्होंने कैंटर का पीछा किया और कैंटर को थाना सदर के पास जाकर घेर लिया। कैंटर चालक मौका से फरार हो गया, जबकि कैंटर में 10 से ज्यादा गोवंश मिले। कैंटर से बरामद गोवंश को सरकारी गोशाला चडीक रोड मोगा में छोड़ दिया गया है।

### आरोपित से पुलिस की पूछताछ जारी

वह लोग उनको देखकर वहां से फरार हो गए। उनमें से एक युवक को लोगों की सहायता से काबू कर लिया, जिसको गुस्साए लोगों ने जमकर धुनाई की और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

# पंजाब में अब Online कटेंगे चालान, अगर नहीं किया भुगतान तो....

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब में 26 जनवरी से कैमरों के जरिए चालान काटने की योजना शुरू होने जा रही है। शुरूआत में यह योजना लुधियाना, जालंधर, अमृतसर और मोहाली में शुरू की जा रही है। इसे आने वाले समय में पूरे पंजाब में लागू किया जाएगा। शहर की ट्रैफिक पुलिस द्वारा ट्रायल के तौर पर दिसंबर में कैमरों की मदद से लोगों को ई-चालान जारी करने शुरू किए गए थे। दिसंबर और जनवरी माह में ट्रैफिक पुलिस अब तक 452 लोगों को ई-चालान जारी कर चुकी है। ट्रैफिक विभाग के ए.डी.जी.पी. एस.राय ने स्पष्ट किया है कि 26 जनवरी से राज्य के चार शहरों लुधियाना, जालंधर, अमृतसर और मोहाली में ई-चालान योजना जोर-शोर से शुरू की जाएगी। योजना के तहत सिग्नल जंपिंग, स्टॉप लाइन उल्लंघन और बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ कैमरों की मदद से ई-चालान जारी किए जाएंगे। ई-चालान वाहन के पंजीकृत मालिक के पते पर पहुंचाया जाएगा, जिसका भुगतान ऑनलाइन करना होगा।



**चालान का भुगतान न करने पर लॉक होगी RC** - भुगतान न करने पर वाहन की ऋष्ट ऑनलाइन पोर्टल पर लॉक कर दी जाएगी, जिस कारण आर.टी.ओ. ऑफिस में आर.सी. ट्रांसफर, रिन्यू आदि का कोई काम नहीं हो सकेगा। योजना को सफल बनाने के लिए इन चारों शहरों के मुख्य चौराहों पर पी.टी. जैड कैमरे, ए.एन.पी.आर. कैमरे और बुलेट कैमरे लगाए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि अगले चरण में राज्य के बाकी जिलों को भी इस योजना में शामिल किया जा रहा है।




# दिल तो बच्चा है जी! जब बल्ला छोड़ गिल्ली-डंडा खेलने उतरे नवजोत सिंह सिद्धू, शॉट देख पत्नी ने भी लगाए ठहाके

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** पूर्व क्रिकेटर और कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू अपने कामों से लगातार चर्चे में रहते हैं। राजनीति से लेकर खेल की दुनिया में उन्होंने अलग छाप छोड़ी है। इस बीच पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में पूर्व क्रिकेटर गिल्ली-डंडा खेलते नजर आ रहे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू के साथ और भी लोग मौजूद हैं। नवजोत सिंह डंडे से लंबे शॉट लगा रहे हैं। दरअसल, यह खेल बच्चे खेलते हैं और देश में यह काफी लोकप्रिय है।




### सिद्धू ने वीडियो शेयर कर कही ये बात

नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर वीडियो शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि अपने बचपन को फिर से जी रहा हूं। इंटरनेट पर सर्फिंग से आउट डोर गेम कहीं बेहतर है। जहां असफलता मजेदार है और बेहतर बनने की प्रेरणा है, खेल आपको वह ऊंचाई देता है जो अतुलनीय है। खेल हमारे युवाओं को नशीली दवाओं, शराब और नशे से दूर रखता है।

**करीब एक साल से राजनीति से दूरी :** वहीं, दूसरी तरफ नवजोत सिंह सिद्धू करीब एक साल से राजनीति से दूरी बनाई रखी है।

दिल्ली चुनाव स्टार प्रचारक में भी उनका नाम शामिल नहीं है। इससे पहले एक मामले में उनको जेल भी जाना पड़ा था। इसी बीच उनकी पत्नी को कैंसर हो गया था। उन्होंने दावा किया है कि आयुर्वेद अपनाकर कैंसर से पूरी तरह से ठीक हो गईं।

इससे पहले उन्होंने कमेंट्री और राजनीति को लेकर भी बात की थी। उन्होंने कहा था कि 25 साल से अधिक समय से कमेंट्री कर रहा हूं।

दिन भर की कमेंट्री के बाद लोग थक जाते हैं, लेकिन मेरे लिए यह आराम और खुशी है। मेरा शौक ही मेरा पेशा बन गया, लेकिन राजनीति हमेशा एक मिशन थी।

### क्या है गिल्ली-डंडा खेल, कैसे खेलते हैं?

इस दौरान उनके अलावा कई लोगों ने भी डंडे से गिल्ली उड़ाए। शॉट मिस होने पर लोग ठहाके लगाते थे। साथ ही शॉट लगने पर शाबाशी। बता दें कि गिल्ली-डंडा एक प्राचीन खेल है, जिसे देश के अधिकांश हिस्सों में खेला जाता है। गिल्ली-डंडा खेलने के लिए मैदान के बीच में एक गड्ढा खोदा जाता है।

गड्ढे के ऊपर गिल्ली को रखा जाता है फिर डंडे से गिल्ली पर हल्के जोर से मारा जाता है। गिल्ली जब हवा में उछलता है तो फिर डंडे से पूरे दम के साथ मारा जाता है। जो प्लेयर गिल्ली को सबसे ज्यादा दूर तक पहुंचाता है, वह विजयी होता है।